# ओडिशा सरकार की स्वयं (SWAYAM) और खुशी (KHUSI) योजना

स्रोत: द हिंदू

राज्य में **सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS)** के अंतर्गत आने वाले परिवारों के लिये ओडिशा सरकार ने हाल ही में आजीविका हेतु 1,000 रुपए की एकमुश्त नकद सहायता की घोषणा की है।

- राज्य सरकार ने 18-35 वर्ष (विशेष श्रेणी के लिये 18-40) आयु वर्ग के ग्रामीण बेरोज़गार युवाओं को नए व्यावसायिक उद्यम शुरू करने के लिये 1 लाख रुपए का ब्याज मुक्त बैंक ऋण प्रदान करने के लिये **'स्वयं'** नामक एक नई योजना शुरू की है।
    - राष्ट्रीय स्तर पर **गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों** को 10 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करने के लिये अप्रैल, 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) शुरू की गई थी।
- राज्य सरकार ने सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव और गर्भ के चिकित्सकीय समापन के लिये **बेल्टेड सैनिटरी नैपकिन** वितरित करने हेतु मौजूदा **खुशी योजना** का विस्तार करते हुए इसे अब **खुशी +** का नाम दिया है। इसका उद्देश्य राज्य में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता में सुधार लाना तथा मातृ मृत्यु दर एवं रुग्णता दर को कम करना है।
    - **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5** के अनुसार ओडिशा में स्वच्छ मासिक धर्म सुरक्षा का प्रयोग करने वाली महिलाओं की दर उच्च, राष्ट्रीय औसत से अधिक 81.5% है।

**और पढ़ें...राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5, सार्वजनिक वितरण प्रणाली**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/odisha-government-s-swayam-and-khusi-schemes